राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 ) 2024/92

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128<br>प्रार्थना पत्र | 11/2024 | 14/2/24 | 12<br>ANE<br>23/4/24 | 12/3/24 |

अनवान

श्री गोपाल s/o किशना बैरवा श्री जगदीश s/o देराज भील

निवासी पापड़खेड़ तह. बिजौलियाँ निवासी निमड़ीगुआ तह. बिजौलियाँ वगैरे (2)

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी/ रेस्पोडेंट

डिक्रीदार मदयून

श्री सुनील धाकड़ श्री

ओम प्रकाश शर्मा

H.V.S

# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

गोपाल बनाम जगदीश

किस्म मुकदमा – 111-128 नम्बर 11/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 14/2/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 12/3/2024 को पेश हों।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 12/3/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 16/4/24 वास्ते तलबी पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी | तामील [illegible] |
| 16/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते उचित आदेश पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिन्हें शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षीगण के विरुद्ध एक-पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए गए। पत्रावली में आदेश सुनाए गए। एवं विस्तृत आदेश पारित किए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर 14/02/24

प्रकरण संख्या :— 11 / 2024

गोपाल पुत्र किशना जाति बेरवा उम्र वयस्क निवासी पापडबड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. जगदीश पिता देराम जाति भील उम्र वयस्क निवासी नीमडीगुआ तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. प्रेमी पत्नि नाथू जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी पापडबड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 — 128 रा0ले0रे0एक्ट

## —: आदेश :—

दिनांक 23/04/24

प्रार्थना पत्र **गोपाल** ने जरिये अभिभाषक **श्री ओमप्रकाश शर्मा एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम पापडबड पटवार हल्का तिलस्वां तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 29 पर अंकित आराजी संख्या 361/1 रकबा 0.8498 हे0 भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073—2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदारी काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू—अभिलेख निरीक्षक कास्यां को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी कमिश्नर फीस 500 रूपये तय किये जाते हैं। प्रार्थी वक्त पत्थरगढी फीस अदा करेगा।

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियां भीलवाड़ा

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियां जिला-भीलवाड़ा

.....................निरन्तर पेज संख्या 2 पर

पेज संख्या 2

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम पापडबड पटवार हल्का तिलस्वां तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 29 पर अंकित आराजी संख्या 361/1 रकबा 0.8498 हे0 भूमि** की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाडा

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 11/2024 तारीख दायर 14/02/24

प्रेषिति :–तहसीलदार बिजौलियाँ

विषय :– प्रकरण संख्या 11/24 पत्थरगढ़ी बाबत्।

गोपाल पुत्र किशना जाति बेरवा उम्र वयस्क निवासी पापडबड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. जगदीश पिता देराम जाति भील उम्र वयस्क निवासी नीमडीगुआ तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. प्रेमी पत्नि नाथू जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी पापडबड तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मे आदेश होकर लेख है मौजा ग्राम पापडबड पटवार हल्का तिलस्वां तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 29 पर अंकित आराजी संख्या 361/1 रकबा 0.8498 हे0 भूमि** की बशमलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक कास्यां को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस नियमानुसार 500/–रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थी अदा करेगा। पत्थरगडी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडौसियान को सूचित करते हुये पत्थरगडी करें। पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ भीलवाड़ा

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)